लड्डू राम नाम का खा ले

लड्डू राम नाम का खा ले, तेरा हो जागा कल्याण ॥
भर भर बुकटे मेहंदीपुर में, बाँट रहे हनुमान,
लड्डू राम नाम का खा ले........

राम नाम का यह लड्डू भई, हनुमान ने खाया ॥
सीता राम है वसे रोम में, सीना फाड़ दिखाया,
लड्डू राम नाम का खा ले........

यह लड्डू भिलनी ने खाए, हो गई राम दीवानी ॥
रोज़ झोंपड़ी साफ़ करे और, रोज़ छिड़कती पानी,
लड्डू राम नाम का खा ले........

जिसने भी यह खाया लड्डू, चमत्कार दिखलाया ॥
पत्थर की बनी अहिलिया नारी, सुंदर हो गई काया,
लड्डू राम नाम का खा ले........

छोटा सा राणा ओम प्रकाश को, यह ही लड्डू भाए ॥
बाला जी की सेवा करके, वहां के भक्त कहाए ,
लड्डू राम नाम का खा ले........

ऋषि महात्मा सन्यासी भई, यह ही लड्डू खाते ॥
जय भगवान भी यह लड्डू हाँ, भई गुरु मुरार से लाते,
लड्डू राम नाम का खा ले........

अपलोड करता- अनिल भोपाल

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4583/title/laddu-ram-naam-ka-kha-le-tera-go-jayga-kalyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |